हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री



मोदी सरकार में छत्तीसगढ़ को मछली पालन में मिला भरपूर... 11



कैसे दे मासिक परीक्षा : सरकारी स्कूलों में अब तक नहीं पहुंची... 12

कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

वार्डवासियों ने कलेक्टोरेट में विरोध कर ज्ञापन सौंपा, युवाओं ने बाजार चौक में प्रदर्शन कर समर्थन दिया

# नालंदा परिसर के विरोध और समर्थन में वार्डवासियों के अलग-अलग सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हटकेशर वार्ड में नालंदा परिसर के लिए चयनित स्थल को लेकर विरोध और समर्थन के अलग-अलग सुर उठ रहे हैं। सोमवार को वार्डवासियों के एक दल ने कलेक्टर जनदर्शन में नालंदा परिसर निर्माण का विरोध किया है। वहीं वार्ड के अनेक युवाओं ने तुलसी चौरा चौक में चयनित स्थल पर नालंदा परिसर बनाने के समर्थन में आवाज बुलंद की।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने शहर को करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली नालंदा परिसर की सौगात दी है। निगम ने इस परिसर को बनाने के लिए कचहरी के पास खाईनुमा स्थित जमीन को पसंद किया था लेकिन इंजीनियरों ने कई वजह बताकर उक्त स्थल को रिजेक्ट कर दिया। नालंदा परिसर के लिए जगह तलाशी के दौरान हाउसिंग बोर्ड के हटकेशर मार्ग पर स्थित नवनिर्मित सामुदायिक भवन तथा इसके प्रांगण का चयन किया। हटकेशर में नालंदा परिसर बनाने के लिए प्रत्येक वार्डवासी गौरवान्वित है लेकिन चयनित



जगह का विरोध और समर्थन के अलग-अलग स्वर उठ रहे हैं। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे हटकेशर, सुभाष नगर, शीतलापारा वार्डवसियों ने ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नालंदा ग्रंथालय बनना शहर के लिए गौरव की बात है। हटकेशर में इसका निर्माण होना और भी गर्व की बात है। नालंदा परिसर के लिए जो जगह चयनित की गई है, उसमें एक साल पहले सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन बनाया गया है। इसके प्रांगण में नालंदा परिसर बनना अनुचित है। सामुदायिक भवन के प्रांगण का उपयोग शादी, बर्थ डे, जन्मोत्सव, बच्चों का खेल, सांस्कृतिक, आध्यामिक कार्यक्रम के लिए होता है। ज्ञापन में कहा है कि हटकेशर में पहले मैदान, चारागाह, निस्तारी के लिए बहुत जमीन थी जिसमें शासन ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी बनाई है। आज की तिथि में चयनित स्थल के अलावा हटकेशर, सुभाष नगर, शीतलापारा में कहीं भी जगह नहीं है। सर्वसुविधा की दृष्टि से नवनिर्मित सामुदायिक भवन प्रांगण में किसी प्रकार का भवन या ग्रंथालय नहीं बनाया जाए। इसके लिए अन्य स्थल का चयन करने की मांग की है।

### क्या है नालंदा परिसर

बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय से जुड़ा नाम है। किसी जमाने में विश्वभर के छात्र नालंदा में पढ़ने आते थे। उस समय यहां की लाइब्रेरी में लाखों पुस्तकें होती थीं। जिसे आक्रांताओं ने जलाकर नष्ट कर दिया। इसी के नाम से अब शासन नालंदा परिसर का निर्माण कर रहा है जिसमें 24 घंटे सातों दिन खुली रहने वाली लाइब्रेरी होगी। 500 से अधिक छात्रों के लिए बैठने की जगह, 25 हजार किताबों का संग्रह, ई-बुक एक्सप्रेस, कान्फ्रेंस हॉल, कैफे और इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त मेडिकल, इंजीनियर, कलेक्टर जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किताबें और मार्गदर्शन मिलेगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से बीएल निर्मलकर, गिरधर देवांगन, श्रवण देवांगन, राजीव रंजन, कैलाश यादव, संतोषी साहू, कन्हैया मारकंडे, सालिकराम साहू, शंकर रावटे, सुखराम यादव, ईश्वर पटेल, शांतिलाल देवांगन, मानिकराम साहू, कमलेश पटेल, सुमित्रा यादव, वासुदेव देवांगन सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

### चयनित स्थल पर नालंदा परिसर उचित



हटकेशर में चयनित सामुदायिक भवन प्रांगण में ही नालंदा परिसर बनाने के लिए वार्ड के युवाओं ने बाजार चौक में प्रदर्शन किया। नालंदा परिसर निर्माण के समर्थन में मोहन यादव, हेमंत भांडे, महेन्द्र रावटे का कहना है कि हटकेशर में और ऐसी कोई जगह नहीं है जो नालंदा परिसर के लिए उपयुक्त हो। जब हम नालंदा परिसर के बनने पर गर्व और सौभाग्य की बात कहते हैं तो इसमें शर्त की कोई जगह नहीं है। शादी, बर्थ डे मनाने की बात करते हैं तो बड़े स्थान में पैसे वाले ही शादी, बर्थ डे पार्टी मनाते हैं। ऐसे आयोजनों के लिए और स्थान है। बच्चों के खेल के लिए स्कूल मैदान पर्याप्त है। सांस्कृतिक एवं आध्यामिक कार्यक्रम के लिए हटकेशर का बाजार चौक बहुत बड़ा एरिया है। यहां रास्ता ब्लाक होने वाली कोई वजह नहीं है। आज भी पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए विगत 15 दिनों से रास्ता ब्लाक है। किसी को कोई दिक्कत नहीं है। राजा श्रीवास, प्रवीण दुबे, धर्मेन्द्र गुप्ता, भुवन साहू, रोशन साहू, संतोष यादव, चन्द्रहास रजक, लोकेश साहू, संतोष पटेल, आशाराम साहू, मुकेश साहू, श्यामलाल रावटे, अशोक पटेल, प्रशांत मीनपाल आदि का कहना है कि चयनित स्थल पर नालंदा परिसर बनने से यहां के बच्चों का भविष्य संवरेगा। कई लोगों को व्यापार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से हटकेशर का कायाकल्प हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सामुदायिक भवन प्रांगण शराब, गांजा, पीने का अड्डा के साथ असामाजिक तत्वों व बटंचीबाजों का ठिकाना बना हुआ है। नालंदा परिसर बनने से हटकेशर का विकास होगा।

## खबर संक्षेप

### सहकार भारती की बैठक आज

**धमतरी।** आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन रुद्री धमतरी में 15 जुलाई को दोपहर 1 बजे सहकार भारती कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकार से समृद्धि, सहकारिकता के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने हेतु विभिन्न कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की जायेगी। बैठक में कनीराम नंदेश्वर प्रदेश महामंत्री सहकार भारती छग , लखनलाल गुरुपंच सहकार भारती प्रदेश कार्यसमिति छग, दयाराम साहू प्रदेश मंत्री सरकार भारती छग, हिरेंद्र साहू जिला अध्यक्ष सरकार भारती छग एवं सहकारिता के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### श्रम पंजीयन शिविर 16 से 29 तक

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 से 29 जुलाई तक जिले के मगरलोड विकासखण्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 16 जुलाई को ग्राम भोथीडीह, 19 जुलाई को करेली बड़ी, 22 जुलाई को हसदा, 26 जुलाई को कुण्डेल और 29 जुलाई को करेली छोटी में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### आईटीआई भटगांव में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 से

**धमतरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धमतरी (भटगांव) में सत्र 2025-26 और 2025-27 के लिए व्यवसाय फीटर, विद्युतकार, कोपा और वेल्डर में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा लोक सेवा केन्द्र द्वारा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की वेबसाईट सीजीआईटीआई डाट एडमिशनस डाट नीक डाट इन के माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की बैठक 17 को

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की त्रैमासिक बैठक 17 जुलाई को रखी गई है। सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए हैं।

## वन विभाग ने कुएं में गिरे सियार का किया रेस्क्यू



**धमतरी।** वनांचल ग्राम घटुला के पास एक कुएं में गिरे सियार का वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया है। सीतानंदी उदंती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि ग्राम घटुला के पास करणसिंह के खेत में स्थित सूखे कुएं में एक सियार गिर गया था। वन विभाग की टीम ने सियार का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ा।

## प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 15 से

**धमतरी।** प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अपलोड की गई है। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसिलिंग 15 से 18 जुलाई तक राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालकों की काउंसिलिंग 15 जुलाई को, अनुसूचित जनजाति तथा विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की बालिका की 16 जुलाई को, अनुसूचित जाति बालक और बालिका की काउंसिलिंग 17 जुलाई और अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिका की काउंसिलिंग 18 जुलाई को होगी।

## नो पार्किंग में खड़े 9 वाहनों पर की कार्रवाई

- सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए नो पार्किंग में खड़े 9 वाहनो पर कार्रवाई की है। वहीं अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को समझाईश दी।

शहर में सुगम-सुरक्षित व बाधारहित यातायात व्यवस्था बनाने ट्रेफिक प्रभारी द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सिहावा चौक से शांति कालोनी चौक तक नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े 9 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर





अवैधानिक रुप से खड़े इन वाहनों से यातायात बाधित हो रहा था। इसके साथ ही रूद्री चौक से मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को समझाईश दी गई। दुकानों के सामने सामान फैलाकर रखने एवं ग्राहकों के वाहनों को अनियंत्रित तरीके से पार्क करने पर आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए सड़क पर अतिक्रमण करने व ग्राहकों की गाड़ियो को सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। यातायात पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों से नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा नहीं करने, दुकानदारों को सड़क तक सामान नहीं फैलाने, दुर्घटना रहित और व्यवस्थित शहर निर्माण में पुलिस का सहयोग करने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## अंतर जिला धान चोर गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार

- सेमरा के किसान का 60 कट्टा धान व ट्रैक्टर की बैटरी की हुई थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद पुलिस की तत्परता से अंतर जिला धान चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। चार आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। चोरी का पिकअप वाहन व 40 कट्टा धान बरामद कर बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी अनुसार 11 जुलाई की शाम 6 बजे से 12 जुलाई की सुबह 5:30 बजे ग्राम सेमरा बी थाना कुरूद निवासी महेश्वर कुमार साहू पिता स्व. जेठूराम साहू उम्र 41 वर्ष के गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा 60 कट्टा धान (कीमत 70000 रूपये) एवं एक ट्रैक्टर बैटरी (कीमत 3000 रूपये) चोरी कर ली गई थी। मौके पर जांच के दौरान 20 कट्टा धान झुरानवागांव-सेमरा रोड पर मिला तथा चारपहिया वाहन के टायरों के निशान भी पाये गए। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम झुरानवागांव के समीप एक पिकअप वाहन में रखे धान व चार संदेहियों को हिरासत में लिया गया। गहन पूछताछ पर इन सभी ने न केवल उक्त घटना, बल्कि पूर्व में एक अन्य संगठित चोरी की वारदात को भी स्वीकार किया।

चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस एवं संगठित अपराध की धारा 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी के उपरांत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

### पूर्व में भी चोरी की घटना को दे चुका है अंजाम

पुलिस ने पूर्व की चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि 25 जून 2025 की रात्रि में इसी गिरोह ने पिकअप वाहन सीजी 04 एलके 7041 से ग्राम सिवनीखुर्द के एक गोदाम का ताला तोड़कर 65 कट्टा धान, 05 बंडल छड़, ट्रैक्टर की बैटरी, टूल बाक्स, जैक, दतारी पाइप और डीजल चोरी कर उसे बेचकर आपस में रकम बांट ली थी। 11 जुलाई की रात इन्हीं आरोपियों ने पुनः एकत्र होकर ग्राम सेमरा बी के गोदाम से 60 कट्टा धान व ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की। वाहन में अधिक लोड होने के कारण 20 कट्टा धान रास्ते में फेंक दिए गए, जबकि शेष 40 कट्टा धान और पिकअप वाहन को कुरूद पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।



### सभी आरोपी गोबरा नयापारा थाना क्षेत्र के

इस घटना में गोपाल नेताम पिता सुखदेव नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे नयापारा। सोहन लाल देवार पिता मोहन लाल उम्र 27 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी, नगर पालिका के पीछे नयापारा, चंद्रा लाल निषाद उर्फ सुखदेव नेताम पिता श्याम लाल उर्फ जेवू निषाद उम्र 48 वर्ष निवासी हरदेवलाल चौक धनेली रायपुर हाल पता कुर्रा, दीपक कुमार देवार पिता स्व. रूस्तम देवार उम्र-25 वर्ष निवासी देवारपारा सिंधी कॉलोनी नगर पालिका के पीछे गोबरा नयापारा शामिल रहे। उक्त सभी आरोपी थाना गोबरा नयापारा, जिला रायपुर (छग) के हैं।

## नहाने गए वृद्ध का चौबीस घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुरूम खदाननुमा तालाब में नहाते समय लापता हुए वृद्ध का दूसरे दिन शव मिला है।

- शकरवारा मुरूम खदान गया था

पुलिस व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटा के राजीव नगर निवासी दुर्गा प्रसाद देवांगन पिता पुनुलाल उम्र 63 वर्ष घर में कपड़ा सिलाई का काम करता था। वृद्ध कभी-कभी शकरवारा में स्थित मुरूम खदान में नहाने के लिए चला जाता था। रविवार की सुबह वृद्ध मुरूम खदाननुमा तालाब में नहाने के लिए गया था। खदान में बारिश के कारण पानी भरा है । गहराई लगभग 15 फीट है। सुबह 10 बजे तक वृद्ध के वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजन तलाश करते मुरूम खदान की तरफ गए। किनारे में वृद्ध का कपड़ा, चप्पल व ब्रश रखा हुआ था लेकिन वृद्ध वहां पर नहीं था। डूब जाने की आशंका के चलते परिजनों ने घटना की सूचना रूद्री पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल नगर सेना के गोताखोर की टीम के साथ मुरूम खदान पहुंच रेस्क्यू शुरू कर दिया। गोताखोर खदान के गहरे पानी में



उतर वृद्ध की दिनभर तलाश करते रहे लेकिन शाम तक वृद्ध का पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने पर रेस्क्यू रोक दिया गया। चौबीस घंटे के बाद सोमवार की सुबह मुरूम खदान के पानी में वृद्ध का शव तैरता पाया गया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मुरूम खदान 15 फीट से भी ज्यादा गहरी है। तल में बड़े-बड़े धारदार पत्थर है। नहाने के लिए उतरते समय वृद्ध की पत्थरों के बीच फंस जाने से डूबने से मौत हुई है।

शिक्षा के क्षेत्र में पसरी अव्यवस्था को लेकर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

## जलता पुतला पुलिस ले गई, नया पुतला बनाकर किया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिक्षा के क्षेत्र में पसरी अव्यवस्था, गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त झूमाझटकी हुई। पुतल दहन के दौरान कुछ लोग चोटिल होने से भी बाल-बाल बचे।

पीडब्ल्यूडी विभाग में इंजीनियर भर्ती परीक्षा में इलेक्ट्रानिक उपकरण से नकलबाजी, लाइब्रेरी में सफाई के नाम पर छात्रों से 50-50 रुपए की वसूली, युक्तियुक्तकरण के बाद भी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, निजी स्कूल, कालेजों में मनमानी फीस वसूली, स्कूलों में पुस्तकों की कमी सहित अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार







को एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने के लिए राजीव भवन में पुतला तैयार किया जा रहा था। पुतला दहन रोकने के लिए सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी वहां पहुंच गए और पुतला को छीनने की कोशिश की। यहीं से विवाद शुरू हुआ। एनएसयूआई के कार्यकर्ता राजीव भवन से ही पुतला जलाकर भागते हुए गांधी मैदान की ओर जाने लगे। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीन लिया, जिसके चलते पुलिस जवानों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई। पुलिस के जवान पुतला छीनकर सीधे थाने की ओर निकल गए। पीछे एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। पुलिस के जवानों ने उन्हें थाना परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। इसके बाद दूसरा पुतला तैयार कर एसडीएम कार्यालय के सामने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जय श्रीवास्तव, विशु देवांगन, नोमेश सिन्हा, चितेंद्र साहू, पारसमणि साहू, सूरज पासवान, देवेंद्र देवांगन, आशुतोष खरे, सुदीप सिन्हा, उदय गुरू, हार्दिक साहू, गजेंद्र साहू, उमेश साहू, इंदर साहू, संजु नेताम, हिमांशु ध्रुव, सुनील सोम सहित बड़ी संख्या एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### नाबालिग ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बागोड़ निवासी 15 वर्षीय राजेंद्र कुमार मंडावी ने चनार जाने वाले मार्ग पर महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बागोड़ निवासी 60 वर्षीय कृष्णा मंडावी ने पुलिस को बताया कि 12 से 13 जुलाई के बीच ग्राम बागोड़ से चनार जाने वाले मार्ग पर महुआ पेड़ में मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला बस्तर के बोधाघाटा थानांतर्गत जगदलपुर शांतिनगर निवासी 30 वर्षीय कमलेश निषाद का इलाज के दौरान जिला अस्पताल कांकेर में 12 जुलाई को रात साढ़े 10 बजे मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पीएम फसल बीमा कराने किसानों को 31 तक है मौका

**कांकेर।** किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए जिले में बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। उप संचालक कृषि ने जानकारी दी है कि इस योजना में ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। इसके लिए भू-धारक और बटाईदार किसान भी पात्र होंगे। अधिसूचित फसल के लिए जिन किसानों को वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत या नवीनीकृत हुआ है, उन्हें योजना में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारों का प्रयोग करते हुए नाला में बहने व डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील सरोना के ग्राम मुड़पार निवासी 59 वर्षीय विमल राम मंडावी की नाला में बहने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी सगोबाई को चार लाख की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### बुजुर्ग के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर में बुजुर्ग के साथ अन्य व्यक्ति ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। बुजुर्ग ने मारपीट की शिकायत कांकेर थाना में किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे गोविंदपुर निवासी 60 वर्षीय घासु राम मंडावी पिता स्व. दया राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को 4 बजे यादवपारा गोविंदपुर के पास खड़ा था। अर्जुनी कि तरफ से आ रहे रोशन साहू के द्वारा मेरे साथ अकारण गाली दिया गया ओर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए सुअर के औलाद बोलकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से ऑख में चोट आया है एंव शरीर के अन्य हिस्सो में भी दर्द हो रहा है।

## निधन

### गौरी बाई साहू



**धमतरी।** ग्राम भानपुरी निवासी श्रीमती गौरी बाई साहू का आकस्मिक निधन 13 जुलाई रविवार को हो गया। वह स्व. धनऊराम साहू की पत्नी और डोमन लाल साहू शिक्षक, अगेश्वर राम साहू, दूजराम साहू, कुंवरसिंह साहू की मां एवं झम्मन लाल, कमल, सुरेंद्र, खिलावन, ब्रिजेश, सत्येंद्र, प्रदीप, विजय, संजय, दुष्यंत नित्यांश की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर जीवनलाल, थानसिंह, केआर बांकड़े, रूपराम, लूम सिंग, सुरेश, पोषण, मैनक समेत अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

यह स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कुरुद बनाने की दिशा में व्यापक पहल है : ज्योति

# अब जलकुंभी नहीं साफ पानी दिखेगा : कुरुद के जलसन तालाब की पोंड गार्बेज क्लीनिंग मशीन से हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

अब नगर पंचायत कुरुद के दर्जनभर तालाबों में जलकुंभी नहीं बल्कि निस्तारी के लिए साफ सुथरा पानी दिखाई देगा क्योंकि तालाबों की सफाई अब आधुनिक तालाब क्लीनिंग मशीन से होगी। जल संरक्षण की दिशा में अहम कदम उठाते हुए विधायक अजय चंद्राकर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की संयुक्त पहल पर यहां नगर निगम दुर्ग से पोंड गार्बेज क्लीनिंग मशीन मंगाई गई है।

सोमवार को नगर निगम दुर्ग से किराये पर मंगाई गई पोंड गार्बेज क्लीनिंग मशीन की नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर द्वारा पूजा अर्चना कर नगर के प्रमुख निस्तारी वाले जलसन तालाब में सफाई के




लिए उतारा गया है जिससे जलकुंभी व कमलफूल से पटे तालाबों को साफ किया जा रहा है। इस दौरान नपं अध्यक्ष ने कहा कि नगर की जीवनरेखा कहे जाने वाले वार्ड क्रं 05 स्थित जलसन तालाब से सफाई कार्य शुरू किया गया। इस क्लीनिंग मशीन के माध्यम से तालाबों की जलकुंभी व अन्य कचरों की सफाई सुनिश्चित हो सकेगी साथ ही जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि यह केवल तालाबों की सफाई का कार्य नहीं, बल्कि पूरे कुरूद नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक व्यापक पहल है। नगर पंचायत हर स्तर पर प्रयासरत है। इसी क्रम में शहर क्षेत्र स्थित तालाबों की सफाई क्लीनिंग मशीन द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद मिथलेश बैस, मनीष साहू, सुश्री कविता चन्द्राकर, उत्तम साहू, रविप्रकाश मानिकपुरी, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, मूलचंद सिन्हा, नपं सीएमओ महेन्द्रराज गुप्ता, उपअभियंता भोजराज सिन्हा सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

### क्या है तालाब क्लीनिंग मशीन, कैसे करती है काम

नदी या तालाबों में जलकुंभी साफ करने वाली यह 40 फीट लंबी व 15 फीट चौड़ी पोंड गार्बेज क्लीनिंग मशीन तेजी से काम करती है जिसे दुर्ग से बड़े वाहन में मंगवाया गया है। यह मशीन पानी पर तैरकर जलकुंभी बटोरती है और उसे पीछे फेंक देती है। जिसे ट्रॉली में जमा कर लिया जाता है। फिर उसके बाद ट्रक के माध्यम से ट्रॉली को ग्राउंड भेज दिया जाता है। यह मशीन दो फीट तक की गहराई में मौजूद अन्य कचरों पर इसी प्रक्रिया के तहत काम कर रही है। इस मशीन के प्रयोग से तालाब सफाई में आने वाले खर्च व समय की बचत हो रही है। सप्ताह भर का काम यह मशीन 2 से 3 घण्टे में कर दे रही है।

### ऐसे ही मशीन खरीदने पारित हो चुका है प्रस्ताव

इस आधुनिक मशीन से नदी तालाब की ऊपरी सतह से जलकुंभी के साथ ही बेल्ट के माध्यम से 5 फीट तक की गहराई तक सभी प्रकार के कचरों को भी आसानी से बाहर निकाला जा सकता है। ऐसी मशीन का प्रयोग छत्तीसगढ़ के जगदलपुर नगर निगम द्वारा दलपत सागर बांध की सफाई के लिए किया जाता है। यह सुविधा अब नगर निगम दुर्ग, रायपुर व बिलासपुर में भी है। यहां यह बताना लाजिमी है कि शहर के जलस्रोतों में पनप रही जलकुंभी को साफ करने के लिए नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने सुध ली है। उन्होंने मशीन से जलस्रोतों को जलकुंभी से मुक्त कराने के लिए एमआईसी में मशीन किराए में लेने के साथ ही इसे खरीदने का प्रस्ताव भी रखा है।

### बारी-बारी सभी तालाबों की मशीन से होगी सफाई : सीएमओ

सीएमओ श्री गुप्ता ने बताया कि इस तालाब क्लीनिंग मशीन को नगर निगम दुर्ग से प्रतिदिन साढ़े 7 हजार रुपये किराये पर मंगवाया गया है। कुरूद नगर पंचायत अंतर्गत कुल 11 बड़े तालाब हैं, अधिकांश निस्तारी वाले हैं। आज जलसन तालाब की सफाई हो रही है। बारी-बारी से नगर के सभी तालाबों की सफाई की जायेगी। मशीन द्वारा निकाले गए सभी जलकुंभी का परिवहन कर आंबेडकर चौक स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट में ले जाएगा, जहां इसे प्रसंस्करण कर खाद में परिवर्तित किया जाएगा। यह मशीन रोजाना 5 से 7 घंटे तक जलकुंभी व अन्य कचरे की सफाई करेगी।

---

# एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के 34 छात्रों ने इंटर्नशिप प्रोग्राम में लिया हिस्सा

- संविधान में मीडिया को चौथा स्तंभ का मिला है दर्जा : कृपाराम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के हिन्दी विभाग में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार एमए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर के 34 विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत समाचार प्रकाशन में उपयोग की जाने वाली मशीनों का संचालन, तकनीक एवं संपादकीय प्रशिक्षण का कौशल प्राप्त किया।

पीजी कालेज कुरूद में 27 जून से 6 जुलाई तक आयोजित पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृपाराम यादव ने पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएं, विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि संविधान ने मीडिया को चौथा स्तम्भ का दर्जा दिया है। समाचार पत्रों ने देश की आज़ादी में अहम भूमिका निभाई है। पहले पत्रकारिता एक मिशन की तरह मानी जाती थी, लेकिन बदलते दौर में यह क्षेत्र बाजारवाद से नहीं बच सका है। राष्ट्रहित एवं जनसरोकार की जगह अब व्यावसायिक हित हावी होने लगा है। फिर भी इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावना है। उन्होंने कहा कि आईटी के इस दौर में शिक्षा एवं अपने कौशल से युवा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जगह बना सकते हैं। मीडिया घरानों के अलावा यूट्यूब जैसे सोशल प्लेटफार्म नये पत्रकारों की संभावना को खुला आकाश उपलब्ध कराने को तैयार हैं।

कार्यक्रम में इंटर्नशिप प्रोग्राम हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ. आरके पाण्डेय के निर्देशन व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा के मार्गदर्शन में इंटर्नशिप कर रहे विदयार्थियो को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में तारकेश्वर, शिरोमणि, रंजीता, नंदनी, देवकी सहित 34 छात्र छात्राओं की भागीदारी रही। प्राचार्य ने अतिथि का श्रीफल, शाल भेंटकर सम्मान किया।

# शिविर में 11 हितग्राहियों का बना आय प्रमाण-पत्र





- टांगापानी और कसावाही के संतृप्तिकरण शिविर में मिली योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विकासखंड नगरी के ग्राम टांगापानी तथा विकासखंड धमतरी के ग्राम कसावाही में संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान आधार कार्ड पंजीयन 10, आयुष्मान भारत कार्ड 20, सिकल सेल स्क्रीनिंग 20, जाति प्रमाण पत्र 2, निवास प्रमाण पत्र 2, श्रम कार्ड 15 और आय प्रमाण पत्र के तहत 11 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, स्थानीय



जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी हितग्राहियों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। यह शिविर जन सहभागिता एवं सेवा के लक्ष्य को साकार करते हुए ग्रामीण अंचल तक शासन की योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हुआ।

### किसानों को बांटा गया अरहर मिनीकिट



- बेन्द्रावागांव में हुआ संतृप्तिकरण शिविर

**धमतरी।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम बेन्द्रानवागांव में संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को अरहर मिनीकिट वितरित किए गए और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। इस दौरान आधार कार्ड के लिए 13 नए पंजीयन किए गए, जबकि 9 आधार कार्ड अपडेट किए गए। इसी तरह आयुष्मान भारत कार्ड के लिए 12 लोगों का पंजीयन हुआ। सिकल सेल स्क्रीनिंग के तहत 44 लोगों की जांच की गई और जाति प्रमाण पत्र के लिए 2 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। यह अभियान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उन्हें विभिन्न सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

---

# 40 छात्रों ने चाय छोड़ने का लिया संकल्प



- पचपेड़ी में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

गायत्री परिवार के तत्वावधान एवं ब्लॉक समन्वयक टीआर साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पचपेड़ी में बाल संस्कारशाला का शुभारंभ किया गया जिसमें 40 छात्रों ने चाय छोड़ने का संकल्प लिया। मौके पर आचार्या श्रीमती बबीता साहू, भगवतीराम साहू, नंदकुमार साहू, टिकेश कुमार साहू, श्रीमती निर्मला साहू, रामबाई साहू, कुलेश्वरी साहू, फुलेश्वरी साहू, सेवती साहू, योगेश्वरी साहू, थानेश साहू, संतोषी साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बगौद परिक्षेत्र परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



जिला साहू संघ के निर्देशानुसार पूरे जिले में 11 से 17 जुलाई तक पर्यावरण संरक्षण सप्ताह का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में बगौद (भाठागांव) परिक्षेत्र की ओर से 17 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण परिक्षेत्रीय साहू समाज बगौद भवन मरादेव मंदिर प्रांगण में किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया। तार कांटे की व्यवस्था पर सभी ने सहमति प्रदान की। बगौद परिक्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रत्येक वर्ष पौधरोपण किए जाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रिखीराम साहू, बगौद सरपंच दशोदा साहू, उपाध्यक्ष खेमनलाल साहू, महिला उपाध्यक्ष चमेली साहू, तहसील महिला उपाध्यक्ष गायत्री साहू, परिक्षेत्र संस्थापक कृष्णा लाल साहू, सचिव नरसिंह साहू, कोषाध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू, सलाहकार लिखनलाल साहू, हीराराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लीलाराम साहू, संगठन मंत्री सेवकराम साहू, विरेन्द्र साहू, गैंदलाल साहू, कांशीराम साहू, कुलदीप साहू, खामेश साहू, नरोत्तम साहू, डोमन साहू उपस्थित थे।

# स्वयंसेवकों ने शाला परिसर में रोपे विभिन्न प्रजाति के पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शाउमावि पचपेड़ी के प्राचार्य रविंद्र कोसरे के निर्देशन एवं रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने वृक्ष धरा के आभूषण इस बात को सार्थक करने के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया। स्वयंसेवकों ने शाला परिसर में फलदर, फूलदार एवं छायादार प्रजाति के विभिन्न पौधे रोपे।

इसके पश्चात अपने गोद ग्राम सिलघट के मुक्तिधाम में ग्राम के युवा मित्रों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया और संरक्षण की शपथ लेते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। मिथिलेश सिन्हा ने कहा कि वृक्ष अपना सर्वस्व मानव और जीवों को समर्पित करते हुए हमें परोपकार के लिए प्रेरित करता है। वास्तव में वृक्ष पूर्ण रूप से परोपकार का पर्याय है। इस कार्यक्रम में संस्था के शिक्षकों और रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

---

नल ऑपरेटर एवं ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने कामकाज बंद रखा, पंचायत भवन में लटका ताला

# कोर्रा में पंचायत कर्मचारियों को भुगतान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

भखारा तहसील के ग्राम कोर्रा में ग्रीन आर्मी की 6 महिलाओं को 6 महीने से मानदेय नहीं मिला है। भृत्य और नल ऑपरेटर को भी वेतन नहीं दिया गया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर से राशि भुगतान की मांग की थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। सरपंच द्वारा वेतन नहीं दिए जाने पर भृत्य, नल ऑपरेटर एवं ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने कामकाज बंद रखा। सोमवार को दिनभर पंचायत भवन में ताला लटकता रहा।




भृत्य शशिकांत साहू और नल ऑपरेटर सुमीत कुमार, ग्रीन आर्मी महिलाएं गौरी साहू, थनेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, जयश्री साहू, रश्मि और सोहागा साहू ने बताया कि बुधवार को कलेक्ट्रेट में शिकायत के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच यमुना कामड़े द्वारा वेतन भुगतान नहीं करने पर वेतन भुगतान के लिए उपसरपंच व पंचगणों से गुहार लगाई लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिससे पंचायत काम बंद करना पड़ा।

इस संबंध में उपसरपंच चोवाराम साहू एवं पंच कौशल साहू, डॉ अरूण साहू, केशव साहू, युवराज साहू ने बताया कि पंचायत में चुनाव के बाद कोई नया काम नहीं हुआ है। पंचायत के कर्मचारियों के लिए राशि उपलब्ध है, जिसका पंचायत प्रस्ताव पर आहरण किया जाना है। जिसके लिए पंच बॉडी तैयार है लेकिन सरपंच द्वारा चेक पर हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। कई बार इस संबंध में चर्चा कर चुके हैं। इस संबंध में सरपंच से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### ग्रामीणों को हो सकती है परेशानी

पंचायत के अधीनस्थ कर्मचारी ग्रीन आर्मी की महिलाएं द्वारा गांव में डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने का काम करती हैं। जल्द वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कई दिनों कामकाज बंद करना पड़ सकता है। इससे ग्रामवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भृत्य द्वारा पंचायत भवन की नियमित रूप से साफ सफाई की जाती है। लंबे समय तक काम बंद किया तो सफाई के अभाव में गंदगी पसर सकती है। नल ऑपरेटर द्वारा सुबह शाम पंप को बंद चालू किया जाता है। समय पर भुगतान नहीं होता है तो ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ सकता है।

# ग्राम रतावा में किसानों को सबमर्सिबल पम्प प्रदान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सांस्कृतिक भवन रतावा में सोलर नलकूप उजला योजनान्तर्गत कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को उमेचंद देव सरपंच ने सबमर्सिबल पम्प प्रदान किया।

मौके पर कृषक मित्र कृष्णकुमार मरकाम, योगेश नेताम ग्राम पटेल, केदार मंडावी ग्राम समिति अध्यक्ष, पुनीत सलाम, हंसराज देव, सुरेश नेताम, विजय सलाम, जसवंत सलाम उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### गोस्वामी समाज ने किया सेवानिवृत्त महाप्रबंधक का सम्मान



**जीजामगांव।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग पद से सेवानिवृत्त हुए महंत सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी सोरर धमतरी निवासी को जिला गोस्वामी समाज ने रविवार को रुद्री रोड एक होटल में शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। बैठक में अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संरक्षक लील्लार पुरी गोस्वामी, दमोदर पुरी, अध्यक्ष नीलम बन गोस्वामी, सचिव रंजीत पुरी, कोषाध्यक्ष दिनेश पुरी, विजय पुरी, अमन गिरी गोस्वामी, रमापुरी, रमन गिरी, गुरु गोपाल गिरी, ज्ञानेन्द्र गिरी, अजय पुरी, आकाश गिरी, सुमित बन, अभिजित गिरी उपस्थित थे।

### गायत्री मंदिर गुजरा में गुरु पूर्णिमा मनाई गई



**कोर्रा(भखारा)।** गुरू पूर्णिमा पर्व पर गायत्री मंदिर प्रज्ञा पीठ इकाई गुजरा में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पुंसवन संस्कार श्रीमती हीरा पति तुलेश्वर साहू का संपन्न हुआ। इस दौरान रोहित साहू प्राचार्य शाउमावि गुजरा, ग्राम पटेल नंदलाल साहू, गुहलेदराम साहू गायत्री परिवार का सम्मान किया गया। श्री साहू ने गुरु महिमा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रेखराम साहू इकाई प्रमुख, आश्वाराम राम अध्यक्ष, ख़ोरबाहरा राम, गंगाराम, शत्रुघ्न, ख़ोमन, खूबलाल, डामन, लिकेश, दीपक साहू, चूरनलाल, प्रमिला साहू, महेश्वरी, ममता साहू, गिरिजा साहू शामिल हुए।

### पौधारोपण भविष्य की पीढ़ी के लिए उपहार : मोनिका



- लीलर के धान भंडारण केंद्र में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**धमतरी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सेवा एवं संकल्प पखवाड़ा के तहत भाजपा मंडल गंगरेल द्वारा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन के नेतृत्व में ग्राम लीलर के धान भंडारण केंद्र में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन ने कहा कि हमारे आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पौधरोपण आवश्यक है। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर भविष्य को संरक्षित करना होगा। इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम के प्रभारी ऋषभ देवांगन, भोथली के पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, मंडल उपाध्यक्ष बुद्धेश्वर दीवान, मीना यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा, महामंत्री धर्मराज सिन्हा, मीडिया प्रभारी भोलाराम साहू, सोसाइटी अध्यक्ष सोहन यादव, मनोज सिन्हा, सुशील निषाद, देवचरण, शिवचरण साहू, दीपक सिन्हा, दीपक साहू, महादेव यादव, हेमंत नेताम, नर्मदा मंडावी, दुलेश्वरी नेताम, प्रेमा निषाद एवं सोसाइटी के कर्मचारी उपस्थित थे।

### विद्यालय समिति के अध्यक्ष ने दिलाई शपथ



**आमदी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती, कन्या भारती के पदाधिकारी के चयन के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष टुकेश्वरी साहू, विधि साहू, दानेश विश्वकर्मा, तेजस्वी कुंभकार, उपाध्यक्ष सूरज, नेहारानी साहू, चंद्रकुमार पटेल ,गेतिका सिंहा, तनुजा ध्रुव, नंदिनी, पारुल, चेतन, पुष्पांजलि साहू, मुकेश कुमार, सेतुकुमार, सीता कोसरिया, जान्हवी, निधि, लक्ष्मी, लक्ष्मी, ईशांत, दुर्गेश चांदनी, पायल, मीनाक्षी, भूमिका, पूजा फलेंद्र, दीक्षा, अर्पिता, विदित, देविका क्षमा, मानवी साहू, लक्ष्मी, टार्जन, नागेश, युवरानी, मानवी चक्रधारी, रूद्र, टोमेंद्र, ईशा, लक्ष्य ने शपथ ग्रहण किया। मौके पर प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू,चंद्रहास साहू, लोमेश्वर साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम साहू, नंदूराम कुंभकार, उर्मिला साहू, प्रेम साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, नर्मदा मटियारा, चमेली साहू, तेश्वरी पटेल, तारिणी साहू, लोमिका, रेणुका उपस्थित थे।

### किसानों को अरहर मिनीकिट का वितरण




**धमतरी।** ग्राम पंचायत अरौद (ली) में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत अरहर मिनीकिट का वितरण लखपति दीदी महिला समूह की सदस्यों को किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने कहा कि अरहर वितरण कार्यक्रम किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाएगा, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनाएगा। अरहर हमारे देश की दलहनी फसल है। हमारे भोजन का अभिन्न अंग है। किसानों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी दीपक साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लखन लाल नागवंशी, एडीओ प्रहलाद नागवंशी, ग्रा. कृ. वि. अधिकारी हरेंद्र साहू, कृषक मित्र टोकेश्वर सिन्हा, कृषक दिलीप साहू, कन्हैया मरकाम, डोमारू सिन्हा, रामदुलारी सिन्हा, अहिल्या सिन्हा समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### दोना-पत्तल निर्माण से हो रही अतिरिक्त आय

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा के बिहान समूह अंतर्गत ज्योति महिला समूह द्वारा दोना और पत्तल बनाने का काम किया जा रहा है। इससे उन्हें अतिरक्ति आय हो रही है। शुभारंभ अवसर पर सरपंच, पंच और ज्योति समूह की सदस्य मौजूद थीं।

कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस

# मोदी सरकार में छत्तीसगढ़ को मछली पालन में मिला भरपूर बजट : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी एवं मछली पालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस कृषि विज्ञान केंद्र जिला धमतरी के सभागार में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सह तिलापिया क्लस्टर हेतु एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी भी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छग शासन थे। अध्यक्षता कृष्णा हिरवानी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ छग धीवर समाज महासभा ने की।

अति विशिष्ट अतिथि शशि पवार उन्नत कृषक, डॉ ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री निषाद ने बताया कि भारतीय मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रोफेसर डॉ. हीरालाल चौधरी और उनके सहयोगी डॉ. के.एच. अलीकुन्ही के योगदान को सम्मानित करने और स्मरण करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस मनाया जाता है।

आगे कहा कि केंद्र में मोदी जी की सरकार जबसे आई है तबसे आज तक छत्तीसगढ़ को मछली पालन हेतु बजट में कभी कोई कमी आने नहीं दिया है। मछली पालन को एक क्रांति के रूप में लेते हुए मोदी जी ने नील क्रांति लाने की ठान रखी है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा भी प्रदेश के मछुआरों के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। कृष्णा हिरवानी ने कहा कि 2014 से अब तक पूरे देश के मछुआरों के लिए लगभग 38,572 करोड़ का बजट जारी किया जा चुका है। मछली पालन के क्षेत्र में आज पूरे विश्व में भारत दूसरे एवं तीसरे स्थान पर है।

आज धमतरी की मछली विदेश में निर्यात की जा रही है। मछली पालन से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एनएफडीपी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अति विशिष्ट अतिथि उन्नत किसान ठाकुर शशि पवार ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एकड़ में हमें कितनी मछली डालनी चाहिए। कितना दाना खिलाना चाहिए। कब हमें तालाब की सफाई करनी चाहिए। श्री पवार ने बताया कि आज पूरे विश्व व देश में प्रोटीन की सबसे अधिक मात्रा की पूर्ति मछली से हो रही है। अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ ईश्वर सिंह ने लोगों से विज्ञान केंद्र से जुड़कर अधिक लाभ लेने के लिए अपील की। मछली अधिकारी राघव ने तेलपिया के कृषकों को गहन एवं अच्छी जानकारी दी। मंच का संचालन मनीषा खापर्डे साइंटिस्ट कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी ने किया।

## आदिवासी समाज के उत्थान अधिकारों के संरक्षण पर चर्चा



- सिहावा विधायक अंबिका ने दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने नई दिल्ली में आयोजित न्याय योजना कार्यक्रम के तहत देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस अवसर पर छग के आदिवासी समाज के उत्थान, अधिकारों के संरक्षण एवं विकास से जुड़े विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इस दौरान अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, छग के विभिन्न आदिवासी विधायक, पूर्व विधायक एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अंबिका मरकाम ने विशेष रूप से छग के आदिवासी समाज से संबंधित शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, भूमि अधिकार एवं सांस्कृतिक संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और इन विषयों पर विस्तृत सुझाव एवं तथ्य राहुल गांधी के समक्ष रखे। जिस पर श्री गांधी ने गहनता से सभी विषयों को सुना एवं अपने विचार साझा करते हुए आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी सदैव आदिवासी समाज के अधिकारों एवं विकास के लिए समर्पित रही है और भविष्य में भी इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। अंबिका मरकाम ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज की ओर से राहुल गांधी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार की चर्चाएं निश्चित रूप से समाज के हित में सकारात्मक परिणाम लाएंगी।

## शाउमावि सेमरा बी में छात्रसंघ का गठन



**अंवरी।** शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए शाउमावि सेमरा बी में छात्रसंघ का गठन मेरिट के आधार पर किया गया। गायत्री पिता हिरामन 12वीं कॉमर्स शालानायक मनोनीत की गई। होमेश उपशाला नायक, सत्यम एवं दिव्या क्रीड़ा प्रभारी मनोनीत हुए। गोविंद सिंहा एवं नेहा साहू सांस्कृतिक प्रभारी, यशकुमार एवं चेष्टा स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रभारी, रेणुका एवं भूपेंद्र 12वीं साइंस कक्षानायक नियुक्त किए गए। दीक्षा 11वीं साइंस कक्षानायक, पुष्पेंद्र एवं अमृता पुस्तकालय मित्र मनोनीत किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य एवं शिक्षकगणों ने नवनिर्वाचित छात्र संघ के सदस्यों को शपथ दिलाई। प्राचार्य एसके साहू ने कहा कि विद्यालय की प्रगति में जितना योगदान शिक्षकों एवं समाज का होता है, उतना ही योगदान छात्र संघ का भी होता है। छात्रसंघ विद्यार्थी एवं शिक्षक के बीच कड़ी का कार्य करता है। वे विद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित रहे।

## जन विश्वास को बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी : परिहार

- नगर की आराध्य चंडी देवी की चोरी हुए आभूषणों की बरामदगी पर मंदिर समिति ने किया एसपी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरूद के आराध्य चंडी मंदिर से चोरी गए सोने के मुकुट एवं हार की बरामदगी पर मंदिर समिति ने एसपी व पुलिस प्रशासन का आत्मीय सम्मान कर आभार जताया है। इस दौरान नगरवासियों एवं पत्रकारों से संक्षिप्त चर्चा में एसपी ने कहा कि मां चंडी मंदिर की भव्यता, ऐतिहासिकता और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा अत्यंत प्रेरणादायक है। ऐसे पवित्र स्थलों से जन विश्वास जुड़ा होता है, जिसे बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

गौरतलब है कि हाल ही में मां चंडी मंदिर से चोरी हुए सोने का मुकुट, हार एवं सोने चाँदी के श्रृंगार सहित कीमती सामग्रियों की बरामदगी धमतरी पुलिस द्वारा की गई थी। इस सफल कार्रवाई के प्रति आभार स्वरूप मंदिर समिति द्वारा एसपी धमतरी सूरज सिंह परिहार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर, एसडीओपी श्रीमती रागिनी मिश्रा, तहसीलदार श्रीमती दुर्गा साहू, मंदिर के पुजारी जितेंद्र योगी, वरिष्ठ नागरिक मोहन चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, कुरुद प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी सहित नगर के नागरिकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान एसपी सूरज सिंह परिहार का नगरवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।

### सपरिवार चंडी मंदिर पहुंचे एसपी परिहार

मंदिर समिति के आमंत्रण पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार सपत्नीक कुरूद नगर स्थित प्रसिद्ध मां चंडी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-शांति, उन्नति और समृद्धि की कामना की। परिसर में ही विराजमान स्वयंभू शिवलिंग पर प्रथम श्रावण सोमवार को जलाभिषेक कर पूजन उपरांत उन्होंने नगर के वरिष्ठजनों से मंदिर के ऐतिहासिक महत्व एवं इसकी परंपराओं पर भी आत्मीय संवाद किया।

## लुटेरों को पकड़ने पुलिस ने की मॉकड्रिल



**जिले के 30 स्थानों पर नाकेबंदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने लूट की सूचना पर त्वरित कार्रवाई के अभ्यास के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य लूट जैसी गंभीर घटनाओं के प्रति पुलिस की सतर्कता, समन्वय और कार्रवाई की तत्परता को परखना था।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा तथा राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन में मॉकड्रिल की गई। शनिवार शाम को तीन अलग-अलग मोटरसाइकिल में सवार 6 युवक अलग-अलग दिशा में भागते हैं। तीनों मोटरसाइकिल सवारों का हुलिया और दिशा पूर्व नियोजित थी। सूचना मिलते ही जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों ने तत्काल 30 स्थानों पर नाकाबंदी की। संदिग्ध वाहनों की पहचान करने सघन चेकिंग एवं घेराबंदी की गई। मॉकड्रिल में शामिल पुलिस टीमों ने समन्वय के साथ कार्य करते हुए युवकों को गिरफ्तार किया। नाकाबंदी और चेकिंग की कार्रवाई शनिवार शाम 6 बजे से 8 बजे तक की गई।

पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने समीक्षा में कहा कि इस तरह का मॉक अभ्यास समय-समय पर आवश्यक है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सजग, संगठित, त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार रह सके। एसपी ने कहा कि किसी भी आपराधिक गतिविधियों की सूचना तुरंत निकटतम थाना चौकी में दें। अफवाहों से बचे। पुलिस का सहयोग कर शहर को सुरक्षित रखने में सहभागी बने।

## विश्व शांति के लिए अंवरी में हुआ गायत्री यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम अंवरी के गायत्री परिवार द्वारा गायत्री यज्ञ का आयोजन बाजार चौक में किया गया। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य, व्यक्ति, परिवार और समाज का निर्माण करना है और लोगों में आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना है। ज्ञात हो कि गायत्री परिवार द्वारा गृहे-गृहे यज्ञ नामक एक अभियान चलाया जाता है, जिसमें हर घर में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाता है। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति, परिवार और समाज का निर्माण करना है जिसमें 24 आहुतियां गायत्री मंत्र से दी जाती हैं और 5 आहुतियां महामृत्युंजय मंत्र से दी जाती हैं। यज्ञ करने के लिए गायत्री परिवार यज्ञ सामग्री की किट तैयार करता है, जिसे स्थानीय शक्ति पीठ से प्राप्त किया जा सकता है। यज्ञ के साथ-साथ, पुंसवन संस्कार, गायत्री मंत्र दीक्षा संस्कार और कन्या भोज भी सम्पन्न कराए जाते हैं। यज्ञ में बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए।

### अमलीडीह में गुरु पूर्णिमा पर लगाए पौधे

**कोर्रा(भखारा)।** जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति अमलीडीह द्वारा गुरु पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण व जनकल्याण के लिए पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि नेमिन माधव, रामस्वरूप, जगदीशराम साहू, कमलेश साहू, छन्नूलाल साहू, टाटेश्वर सिंह, राजकुमार यादव, लक्ष्मीनारायण सचिव समेत मुख्य पुजारी सतवान साहू, सुनीति साहू मौजूद थे।

## तहसील साहू समाज ने तेलीनसती में किया पौधारोपण



- पांच साल में सामाजिक भवन परिसर में हजार पौधे रोपे गए : गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तहसील साहू समाज धमतरी द्वारा ग्राम तेलीनसती में सत्तीमाता मंदिर साहू भवन के परिसर पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि पौधरोपण का अर्थ है पेड़ लगाना। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो पर्यावरण, जलवायु और मानव जीवन के लिए आवश्यक है। पौधरोपण से पर्यावरण को संरक्षित और संतुलित रखने, शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करने, जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद मिलती है। समाज द्वारा 5 वर्षों में सामाजिक भवन परिसर में अब तक हजार से भी अधिक पौधरोपण किया जा चुका है। इस दौरान समाजजनों ने एक-एक पौधरोपण किया। आम, अमरूद, कटहल, नीम, गुलमोहर, बरगद, पीपल, अशोक के पौधे रोपे गए। मौके पर साहू समाज जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, मेवालाल साहू, नंदझरूखा साहू, भुनेश्वरी साहू, हिरमेश्वरी साहू, दीपेश्वरी साहू, मानिक साहू, हेमंत साहू, रामआसरा साहू, फलेस साहू, रामधार साहू, धनुष साहू, माधवेन्द्र साहू, नंदकुमार साहू, नीलकंठ साहू सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पचपेड़ी में एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे



**अंवरी।** ग्राम पंचायत एवं शाउमावि पचपेड़ी के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत सावन मास के पहले सोमवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला परिसर के बाहर ग्राम पंचायत द्वारा आरक्षित स्थल पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। छग शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण को सुरक्षित करने ग्राम पंचायतों में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पचपेड़ी पंचायत एवं विद्यालय परिवार ने मिलकर इस पुनीत कार्य को संपन्न किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुरूद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सरपंच विनय साहू, उपसरपंच राकेश पटेल, पंच भूपेंद्र साहू व गिरजाशंकर साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गणेश गजपाल, प्राचार्य रविंद्र कोसरे, गणमान्य नागरिक गंगाराम साहू, गुलजारराम साहू, विजयगिरी गोस्वामी, मोहरसिंह साहू सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समाज में हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने का संदेश दिया।

## पंचायत एवं शाला परिवार ने किया पौधारोपण



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत एवं शाउमावि एवं ग्राम पंचायत पचपेड़ी द्वारा संयुक्त रूप से एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत शाला परिसर के बाहर पौधरोपण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी ग्रामों में पर्यावरण को सुरक्षित करने की दिशा में वृहद रूप से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पचपेड़ी द्वारा सावन मास के प्रथम सोमवार को पंचायत एवं शाला परिवार द्वारा पौधरोपण का कार्य संपन्न किया गया।

इस कार्यक्रम में सतीश जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, सरपंच विनय कुमार साहू, उप सरपंच राकेश पटेल, पंचगण भूपेंद्र कुमार साहू, गिरिजाशंकर साहू गणमान्य नागरिक गंगाराम साहू, गुलजारराम साहू, विजय गिरी गोस्वामी, मोहर सिंह साहू, गणेश गजपाल अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति पचपेड़ी, प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)


फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
07389095800, 09300408100

## खबर संक्षेप

### कोड़ेकुर्से में आज विखं स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

**दुर्गूकोंदल।** नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का विद्यालय प्रवेश एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं छात्रों को सम्मानित करने के लिए 15 जुलाई मंगलवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोड़ेकुर्से में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। खंडशिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग व कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सावित्री मनोज मंडावी करेंगे।

### ऋण प्राप्त करने 31 जुलाई तक है प्रावधान

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।

### आवास के सपने को साकार करने की मुहिम

**बीजापुर।** सीईओ जिला पंचायत बीजापुर के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत फुलगुट्टा में वित्तीय वर्ष 24-25 में स्वीकृत 116 आवास के हितग्राहियों का बैठक रखा गया। सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा मनीष सोनवानी के द्वारा आवास के महत्व को समझाते हुए पक्के आवास का सामाजिक महत्व पर विस्तृत ढंग से प्रकाश डालते हुए तय समय सीमा में आवास निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक हितग्राही को एक-एक कर आवास बनाने में आ रही समस्या से अवगत हो कर समस्या का समाधान बताया गया एवं सभी हितग्राहियों को तय समय सीमा में पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने व प्रोत्साहित करने युवा रत्न सम्मान योजना लागू

**कांकेर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। जिला खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा।

### प्राइमरी में बंटी हैं आधी-अधूरी किताबें, मिडिल स्कूल की हालत सबसे खराब

# कैसे दे मासिक परीक्षा : सरकारी स्कूलों में अब तक नहीं पहुंची किताबें, शिक्षक व विद्यार्थी दोनों परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश में 16 जून से शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक कई सरकारी स्कूलों में पर्याप्त किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। कुछ सरकारी स्कूलों में पुरानी किताबों के भरोसे पढ़ाई हो रही है जिससे शिक्षक और विद्यार्थियों के समक्ष गंभीर संकट खड़ा हो गया है कि वे बैगर पढ़े पढ़ाए कैसे मासिक परीक्षा लें और दें। जिम्मेदार शिक्षाधिकारी भी समाधान के लिए उपर की ओर मुंह ताके बैठे हैं।

गौरतलब है कि कुरुद विकासखंड में 184 शासकीय ,122 मिडिल एवं 52 हाई-हायर स्कूल संचालित हो रहे हैं। नया शिक्षण सत्र प्रारंभ हुए करीब एक माह बीत गया, लेकिन शिक्षा विभाग अभी भी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक उपलब्ध नहीं करा सका है। अभी तक कक्षा पहली में 4 में से 2 किताबें ही बंट सकी है।

कक्षा दूसरी में 4 में 3, तीसरी में 6 में 5, चौथी में 4 में 2 और पांचवीं में 4 में से 3 किताब उपलब्ध कराई गई है। मिडिल स्कूल की हालत सबसे खराब है।

### पुरानी किताबों के भरोसे हो रही है पढ़ाई

छठवीं का कोर्स इस बार बदल दिया गया है। लेकिन अब तक इसकी एक भी किताब स्कूल में नहीं पहुंची है। अब तक पुरानी किताबों से ही पढ़ाई हो रही है। सातवीं की 7 में से 4, आठवीं में 8 में से मात्र 1 किताब ही विद्यार्थियों को दी गई है। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में गणित एवं सामाजिक विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण सब्जेक्ट की किताबें नहीं पहुंची हैं जिसके चलते विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पढ़ने- पढ़ाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक पुरानी किताबों के सहारे कुछ कक्षा और विषय की पढ़ाई करा रहे हैं।

### कक्षा छठवीं की एक भी किताब स्कूलों में नहीं

चूंकि छठवीं का कोर्स इस साल बदल गया है। उसकी किताबें न होने से शिक्षक पढ़ा नहीं पा रहे। लेकिन शिक्षा विभाग से मासिक टेस्ट की सूचना आ गयी है। जब किताबें ही नहीं तो बच्चे टेस्ट क्या देंगे। यहां पर यह बताना लाजिमी होगा कि पाठ्य पुस्तक निगम ने इस वर्ष बार कोड के माध्यम से पुस्तक वितरण की व्यवस्था लागू की है। जिससे नई मुश्किल पैदा हो गई है। स्कैनिंग करने में देरी, किसी पुस्तक में डबल तो किसी में बार कोड ही अंकित नहीं है। इसके लिए तैयार पोर्टल में गलत रिपोटिंग बता रहा है। जिससे संबंधित अधिकारी आन लाइन मानिटरिंग भी नहीं कर पा रहे हैं।

### किताबों के लिए लगातार पत्राचार

पाठ्य पुस्तक निगम से हमें जितनी किताबें मिली हैं, उसे स्कूलों में भेज दिया गया है। लंबित किताबों के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है। जैसे ही किताबें आएंगी, उसे स्कूलों में भेज दिया जाएगा।

- सीके साहू, *बीईओ*

### शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़...





**धमतरी।** सावन के प्रथम सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। रूद्री के रूद्रेश्वर महादेव में जल चढ़ा कर बोलबम कांवरियां संघ के श्रद्धालु कांवर में जल लेकर बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे।



## कराते बेल्ट परीक्षा में 125 खिलाड़ियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के इंडोर स्टेडियम आमातलाब में धमतरी कराते डू एसोसिएशन के तत्वाधान में सेइको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ द्वारा कराते बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम आयोजित किया गया। सेइको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के मुख्य कराते प्रशिक्षक व परीक्षक छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू व सहायक परीक्षक के रूप में सेंसाई देवराज धनकर, सेंसाई जयंत नायडू द्वारा एग्जाम लिया गया।

धमतरी जिले से कुल 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बेल्ट परीक्षा में मुख्य एग्जामिनर द्वारा एग्जाम में खिलाड़ियों की स्टैमिना, स्ट्रेंथ, स्पीड, फ्लैक्सिबिलिटी तथा कराते के कौशल जैसे पंच,किक, स्टांस सहित काता, बूंकाई, इप्पोन कुमीते टेक्निक्स की बारीकी से निरीक्षण कर खिलाड़ियों की दक्षता व क्षमता का आकलन किया गया। जूनियर सीनियर कलर बेल्ट, येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्ल्यू के लिए बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। परीक्षा में धमतरी कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसेई अशोक सिन्हा, सचिव गोविंद सार्वा, सहसचिव हेमंत चक्रधारी, सदस्य विद्या कुर्रे, अंजलि फूटान, रिया फूटान, कुशमिता साहू , घनश्याम ध्रुव ने सहयोग प्रदान किया।

## शाला नायकों को स्कूल की प्रगति के लिए दिलाया संकल्प





- मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में स्कूल प्रीफेक्ट एवं कक्षा नायकों का अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सी.से.स्कूल धमतरी में शाला नायक (स्कूल प्रीफेक्ट), उप नायक एवं कक्षा पहली से बारहवीं के कक्षा नायकों का चयन किया गया।

चयनित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। यहां वह अनुशासन, सेवा भाव एवं समाज की सेवा करने की शिक्षा प्राप्त करता है। सभी छात्र अनुशासित रहकर शिक्षा प्राप्त कर अपना, अपने परिवार, समाज सहित अपने देश का नाम रोशन करें।

शाला नायक शाश्वत साहू कक्षा 12 वीं एवं उप नायक रुपाली देवांगन कक्षा 12 वीं बनाए गए। कक्षा चौथी से बारहवीं के कक्षा नायक युक्ति ध्रुव, मायरा महावर, रेयांश तहापा, वात्सल्य साहू, अनुष्का गजेन्द्र, आरव चुगवानी, डाली कश्यप, विराट गुप्ता, संकल्प साहू, सान्वी ढीमर, आरीत्री डे, प्रांजलि, देव सोनी, यजत साहू, भाग्यांश डोडवानी, पूजा देवांगन सहित कक्षा बारहवीं के कक्षा नायक समीर सोनकर एवं ख़ुशी सोनी सहित सभी नायकों को स्कूल के निरंतर विकास एवं प्रगति के लिए संकल्प दिलाया गया।

## जल सभापति ने गोकुलपुर पानी टंकी का किया निरीक्षण



**धमतरी।** जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने गोकुलपुर वार्ड स्थित पानी टंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पानी सप्लाई की गुणवत्ता, दबाव और टंकी की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण में कुछ तकनीकी खामियाँ सामने आईं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। सभापति ने कहा कि जनता को समय पर स्वच्छ जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सीएम साय को पूर्व जिपं सदस्य ने कामाख्या देवी का चित्र व चुनरी भेंट की




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव ने असम में मां कामाख्या देवी के दर्शन किए। छत्तीसगढ़ वापसी के पश्चात मुख्यमंत्री निवास पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उन्हें माता रानी की प्रतिमा, प्रसाद, श्रीफल और चुनरी भेंट की। श्री ध्रुव ने कहा कि मां कामाख्या की कृपा, आशीर्वाद व मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हमेशा खुशहाल रहे।

## पूर्व विधायक ने रुद्रेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी

- 33 वर्षों से भगवान की भक्ति में समर्पित दाऊ कृष्णकुमार व कांवरियों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने सावन माह के प्रथम सोमवार को रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में जल अर्पित व पूजा-अर्चना कर पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भगवान से आशीर्वाद लिया। गंगा महाआरती में शामिल हुई। बोलबम कांवरिया कल्याण संघ द्वारा विगत 33 वर्षों से लगातार निकाली जाने वाली कांवर यात्रा के प्रमुख दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता एवं कांवरियों का सम्मान तिलक लगाकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार अत्यंत पवित्र महीना श्रावण मास को माना जाता है। यह भगवान शिव की को समर्पित है। श्रद्धा और विश्वास से की गई शिव उपासना से भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। सुख समृद्धि की प्राप्ति, रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय मंत्र के जाप से कर्मों का शुद्धिकरण, रोगों और संकटों से मुक्ति, आध्यात्मिक उन्नति मिलती है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि बोलबम कांवरिया कल्याण संघ 33 वर्षों से लगातार कांवर यात्रा निकाल रहा है।

भगवान की सेवा में समर्पित दाऊ कृष्णकुमार गुप्ता का जीवन श्रद्धा और सेवा की मिसाल है। उनका त्याग, संयम और अनुशासन हर किसी के लिए प्रेरणा है। दाऊ कृष्णकुमार गुप्ता ने कहा कि मैंने देवाधिदेव महादेव प्रभु की भक्ति के अलावा किसी और चीज की कामना नहीं की। आने वाली पीढ़ियों को धर्म और संस्कृति से जोड़ना ही असली सेवा है।

## प्राथमिक शाला दुगली में शिक्षकों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 18 जुलाई को स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी



प्रधानमंत्री राजीव गांधी गोद ग्राम दुगली शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। सरपंच, शाला समिति तथा पालकों ने शिक्षकों की मांग कलेक्टर से की है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे दुगली सरपंच रामेश्वर, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष, ग्रामीण घुराउराम, सगराम, राजेश नेताम, जुगलाल, थिरसिंग, संजयकुमार, शंकर, संतोष, नंदू विश्वकर्मा, चंद्रहास आदि ने बताया कि ब्रिटिशकाल 1927 से दुगली में प्राथमिक शाला संचालित है। युक्तियुक्तकरण के तहत आश्रम प्राथमिक शाला दुगली को प्राथमिक शाला दुगली में समायोजन किया गया है। समायोजन होने के बाद दुगली प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 85 है जिसमें विशेष पिछड़ी जनजाति/कमार के बच्चे भी अध्ययनरत हैं। यहां एक ही शिक्षिका पदस्थ हैं। एकल शिक्षकीय शाला होने से शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में राज्य और केंद्र सरकार विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर विशेष योजना चला रही है। बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक शाला दुगली में अतिशीघ्र दो शिक्षकों की नियुक्ति की जाये। शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने पर ग्रामवासी 18 जुलाई को स्कूल की तालाबंदी करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## रांवा में वेयर हाऊस निर्माण का विरोध

- सरपंच, उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सांसद आदर्श ग्राम रांवा में ग्रामीणों ने वेयर हाऊस बनाने का विरोध किया है। सरपंच ज्ञानिकराम साहू, उपसरपंच पुनारद ढीमर सहित बड़ी संख्या में कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि वेयरहाऊस बनाने के लिए राज्य सरकार ने ग्राम रांवा में जमीन चिन्हांकित की है।

चिन्हांकित जमीन पर चारागाह, श्मशान तथा दो तालाब है। वहीं देशी और विदेशी मदिरा दुकान भी संचालित है। गांव में लगभग 1100 मकान और परिवार है। 12 से 13 सौ मवेशी हैं। बकरी पालन करने वाले भी इसी चारागाह में बकरी चराते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में वेयर हाऊस नहीं बनाने की मांग की है।

## सब इंजीनियर परीक्षा में नागेश छग में प्रथम



**डांडेसरा।** विगत दिनों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में सब इंजीनियर पद के लिए परीक्षा हुई जिसमें कुरूद ब्लाक के ग्राम कन्हारपुरी निवासी नागेश कुमार सिन्हा ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वे कृतराम सिन्हा, श्रीमती पार्वती सिन्हा के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर परिवारजन, मित्रगण एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

online Booking-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक
9 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 205
हिमालयन रेवले, टाईगर हील, बतासिया लुप, दार्जिलिंग रोपवे, नाइटिंगले पार्क, रूमटेक मॉनिस्ट्री, गनेश टॉक, हनुमान टॉक, एम.जी. मार्केट, नाथुल्ला पास, चांगू लेक, बाबा हरभजन टेम्पल
राशि:-स्लीपर 13500/-, 3 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ों में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रूमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिडाजेंट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/- रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली।
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज